हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 मार्च 2026

04 भैरूंदा में आग का कहर: सैकड़ों एकड़ गेहूं जलकर...



07 राजगढ़ उर्स में आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी...





**खबर संक्षेप**

### जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर 01 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले गेहूं उपार्जन एवं भावांतर भुगतान योजना के तहत सरसों की खरीदी को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना शासन की प्राथमिकता है, इसलिए खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुचारू और समयबद्ध तरीके से संचालित की जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी निर्धारित खरीदी केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर तौल कांटे, बारदाना, परिवहन व्यवस्था, पेयजल, छाया एवं बैठने की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूं और सरसों की खरीदी केवल निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जाए। उन्होंने गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था को मजबूत करने और मानक के अनुरूप उपज की ही खरीदी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों पर नियमित निगरानी रखी जाए।

### कोतवाली, बुदनी सहित भैरुंदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी सहित डकैती के मामलों का खुलासा

# नवरात्रि में पुलिस का 'शक्ति' अवतार, तोड़ी अपराधियों की कमर, 73 लाख के माल सहित 14 आरोपी गिरफ्तार

जिले की पुलिस टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ा खुलासा करते हुए बाप-बेटे सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जहां पूरा जिला शक्ति की भक्ति में लीन है, वहीं पुलिस ने भी अपराधियों के विरुद्ध शक्ति का अवतार धारण करते हुए अपराधियों की कमर तोड़ दी है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जिले की पुलिस टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ा खुलासा करते हुए बाप-बेटे सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### नंदगांव में 65 लाख की बड़ी डकैती का किया पर्दाफाश

भैरूंदा के नंदगांव में हुई चोरी की वारदात ने पुलिस की रातों की नींद उड़ा दी थी। यहां देवी सिंह भाटी के सूने मकान से करीब 65 लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए गए थे। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो आरोपी शातिर 'पारदी गैंग' निकली। यह गैंग कचरा बीनने के बहाने घरों की रेकी करता था और महिलाएं ताले तोडक़र हाथ साफ करती थीं। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में टीम ने न केवल इछावर से बल्कि भाग रहे आरोपियों का पंजाब तक पीछा कर उन्हें दबोचा। पुलिस ने 40 तोला सोना और 800 ग्राम चांदी बरामद की है। इस बड़ा सफलता हासिल की है।

### बाप-बेटे समेत 4 आरोपी सलाखों के पीछे

शहर की नेहरू कॉलोनी में हुई 8 लाख की चोरी भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। यहां कोतवाली पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से कड़ियां जोड़ी। हैरान करने वाली बात यह रही कि चोरी की इस वारदात में असलम अंसारी और उसका बेटा शाहिद अंसारी मुख्य रूप से शामिल थे। इनके कब्जे से मशरूका जेवरात और नगदी बरामद कर लिया गया है।

### फर्जी सिम कार्ड के जरिए जालसाजी का खेल खत्म



बुदनी में साइबर पुलिस ने 'ऑपरेशन फेस' के तहत एक ऐसे गिरोह को पकड़ा जो निर्दोष ग्रामीणों के आधार कार्ड का उपयोग कर फर्जी सिम कार्ड जारी करता था। शेरसिंह और शिवम मीणा के नाम पर 32 फर्जी सिम निकालकर ये जालसाज बड़ी वारदातों की फिराक में थे। पीओएस संचालक जय भाटिया और मनोज कुशवाह को गिरफ्तार कर पुलिस ने डिजिटल अपराध की दुनिया में बड़ी सेंधमारी को नाकाम कर दिया है।

**त्यौहारों के बीच पुलिस की सराहनीय भूमिका :** नवरात्रि के इस समय में जब सुरक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है, पुलिस की इन उपलब्धियों ने उत्सव की खुशी को दोगुना कर दिया है। इस सफलता में एएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना प्रभारियों समेत पूरी टीम साइबर सेल व ग्राउंड टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## माहेश्वरी समाज ने निकाला गणगौर चल समारोह



**सीहोर।** गणगौर त्यौहार मारवाड़ी पढ़ती से मनाया जाने वाला एक ऐसा त्यौहार है, जिसमें महिलाएं पूर्ण श्रृंगार कर भगवान शंकर एवं मां पार्वती की पूजा अर्चना करती हैं एवं अपने सुहाग की दीर्घायु होने की कामना करती हैं।

गणगौर का त्यौहार पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित त्यौहार है, 10 दिन तक चलने वाले त्योहार के अंतिम दिवस माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा माहेश्वरी भवन से बेल गाड़ी पर भगवान ईसर जी एवं मां गोरा जी का चल समारोह निकाला जाकर शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ सीवन नदी महिला घाट पर पहुंची एवं महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना को एवं रात्रि में माहेश्वरी भवन पर महिलाओं द्वारा झाले दिए गए।

माहेश्वरी समाज की प्रमुख समाज जिला अध्यक्ष गीता सोडाणी, प्रदेश पदाधिकारी सत्यभामा मंत्री, प्रतिभा झंवर, सरोज झावर, रजनी बाहेती, शोभा चांडक, आभा मंत्री,आभा कास्ट, ज्योति झांवर, लीला कुइयां माहेश्वरी समाज की महिला मंडल अध्यक्ष संगीता राठी, सचिव अनिता बांगड़, गायत्री साबू शिवानी कास्ट, रानी तोषनीवाल, निशा मंत्री, बबीता बियानी, रश्मि बाहेती,चंदन कास्ट, प्रिया मुंद्रा, आदि उपस्थित थे।

## सरसों के लिए अब 1 अप्रैल से प्रारंभ होगी भावांतर योजना

**सीहोर।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने रबी 2025-26 में सरसों फसल के लिए भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकों के सत्यापन को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, कई जिलों में अपेक्षा से अधिक किसानों का पंजीयन पाया गया है। ऐसे में यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल पात्र किसानों को ही योजना का लाभ मिले, सभी जिलों में पंजीकृत किसानों का गहन और सावधानीपूर्वक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही योजना का क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा। इसी के चलते योजना प्रारंभ की पूर्व निर्धारित तिथि 23 मार्च 2026 को संशोधित कर अब 01 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे सहित अन्य माध्यमों से सभी पंजीकृत किसानों का सत्यापन 31 मार्च 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सरकार का कहना है कि इस प्रक्रिया से अपात्र किसानों की पहचान कर योजना का लाभ सही हितग्राहियों तक पहुंचाया जा सकेगा।

## विद्युत कंपनी की कार्रवाई पर कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी

### बिजली बिल बकाया पर किसानों का सामान किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी, सीहोर में बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए सख्त कार्रवाई कर रही है। कंपनी किसानों की संपत्ति कुर्क कर रही है और जिन गांवों में अधिक बकाया है, वहां बिजली आपूर्ति काट रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

इसी क्रम में ग्राम दुपाड़ाभील और डोडी में बकाया राशि के विरुद्ध अभियान चलाया गया। सहायक यंत्री शरद पाठक बिजौरी और कनिष्ठ यंत्री कुमारी पूजा मुजाल्दा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान 8 डिफाल्टर उपभोक्ताओं की मोटरसाइकिलें और अन्य वाहन जब्त किए गए। इस अभियान में पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। अहमदपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई। सहायक यंत्री लखन दुबे के मार्गदर्शन में और कनिष्ठ यंत्री दोराहा के सहयोग से 13 मोटरसाइकिलें और 3 मोटर जब्त की गईं। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर बिलों का भुगतान करने की अपील की है, अन्यथा सख्त कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है। इस कार्रवाई पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब गरीब, आम आदमी और किसानों के बिजली बिल बकाया होने पर उनकी बाइकें जब्त की जाएंगी। उन्होंने सीहोर के ग्रामीण इलाकों से लगातार मिल रही शिकायतों का भी जिक्र किया, जिनमें गलत व्यक्ति की गाड़ी जब्त करने की बात कही गई है।



गुजराती ने कहा कि 1 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू होने वाली है, ऐसे में किसान पैसे कहां से लाएंगे। उन्होंने इसे किसान विरोधी नीति और गरीब व किसान पर दबाव बनाने की रणनीति बताया। कांग्रेस पार्टी ने इस अन्याय के खिलाफ विरोध करने और यदि कार्रवाई तुरंत नहीं रोकी गई तो पुरजोर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मामले में विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि सीहोर और आष्टा में लगभग 20 गांवों में बकाया राशि के कारण बिजली बंद है। कंपनी के अनुसार, सीहोर पर 95 लाख रुपये और आष्टा पर 80 लाख रुपये बकाया हैं, जिसमें बुधनी और इछावर की बकाया राशि शामिल नहीं है।

## अंबेडकर उपवन में तीन बार की गई तोड़फोड़, अब तक नहीं हुई कार्रवाई

**सीहोर।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर उपवन में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर अपमान करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर बहुजन समाज के लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। बीएसपी जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध ने ज्ञापन के माध्यम से आपको अवगत कराना चाहते हैं कि सीहोर में कलेक्टर कार्यालय रोड पर बाबा साहेब अंबेडकर उपवन बना हुआ है।

वहां लगे हुए बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र को पिछले 4 माह में तीन बार तोड़फोड़ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई। पिछली बार 26 जनवरी के मौके पर तोड़फोड़ की गई थी। तब नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा चित्र बदला गया। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए। इसके बाद 3 मार्च को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फिर से बाबा साहब की चित्र से छेड़खानी कर तोड़फोड़ कर अपमान किया गया। जिसकी शिकायत बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ता व सहयोगी संगठनों ने थाना कोतवाली में कर प्रशासन को सूचना दी गई थी। थाना कोतवाली में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज भी की गई, लेकिन जब कैमरा निकल गया तो नपा के कर्मचारियों ने पुलिस को लगभग तीन-चार घंटे बाद सौपा। जब थाना प्रभारी रविंद्र यादव से पूछा गया कि आरोपी कैमरा में मिले या नहीं तो उनका कहना है की कैमरा करप्ट हो गया है, केमरा में कुछ नहीं मिला। इस घटनाक्रम में पुलिस द्वारा अपनी उपस्थिति में कैमरे को निकाला जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बहुजन समाज के लोगों ने ज्ञापन देकर मांग की है कि बाबा साहब अंबेडकर की फोटो को तोड़ने वाले आरोपियों को पकडकर जेल भेजा जाए। जिस कर्मचारी ने कैमरा निकाला व कार्ड निकाला है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्थाई मूर्ति लगाई जाए।



अंबेडकर उपवन में हाईटेक केमरा लगाया जाए जिसमे कम से कम 1 माह की रिर्काडिग होना चाहिए। अगर हमारी मांगे 14 अप्रैल बाबासाहेब अंबेडकर जयंती तक पूरी नहीं होती है, आरोपी नहीं पकड़े जाते हैं तो पार्टी को उग्र आंदोलन करने के लिये विवश होना पड़ेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान बहुजन समाज पार्टी के डी के सिरसवाल पूर्व जिला प्रभारी भोपाल, कोमल नागर जिला सचिव, नरसिंह भारती जिला महासचिव, डीबी बड़ोदिया जिला कार्यकारिणी सदस्य, धनराज थरेले, आनंद घावरी, देवकरण कुरल, अर्जुन पैरवाल, राजमल सिरोलिया, मुकेश मालवीय, जयराम कुरल, लक्ष्मीनारायण अहिरवार, वेदप्रकाश वर्मा, धीरप अहिरवार, राजमल सौलकी, थानसिंह, रामस्वरूप भारती, काशीराम बर्द, जगदीश पैठारी, ओमप्रकाश भिलाला, शिवराज मालवीय आदि उपस्थत थे।

### जल स्त्रोतों का संरक्षण पूरे समाज की जिम्मेदारी है : मंत्री प्रहलाद सिंह

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुंजारी नर्मदा संगम घाट में आयोजित सेवा कार्य में शामिल हुए प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि हमारा प्रदेश नदियों की जन्मस्थली है और इनका संरक्षण पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि छोटी नदियों एवं उनके जल स्त्रोतों को बचाने तथा उद्गम स्थलों को संरक्षित करने के लिए तटों पर पौधरोपण कर उनकी देखरेख सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के कार्यों में सहभागी बनना चाहिए और इसके लिए नए-नए प्रयोग अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मंत्री पटेल, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बुधनी जनपद की



ग्राम पंचायत जोशीपुर में गुंजरी नर्मदा संगम घाट पर श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान में भाग लिया और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता और जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर प्रयास करें तो स्वच्छता और जल संरक्षण के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।




## जेल में बंदियों को दिया जा रहा 7 दिवसीय पुरोहित प्रशिक्षण



**सीहोर।** सीहोर स्थित जिला जेल में गायत्री परिवार के सहयोग से बंदियों के लिए 7 दिवसीय पुरोहित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जेल में बंदियों को धार्मिक कर्मकांड की दीक्षा प्रदान की जा रही है, जो कि बंदी उन्मूलन की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल ने बताया कि बंदी जेल से रिहा होने के बाद सामाजिक पुनर्स्थापना एवं सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें, यही इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर उप अधीक्षक अक्षय सिंहोक्तके, प्रमुख मुख्य प्रहरी मुकीम खान, प्रहरी अजहर एवं जेल स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यालय से निकाली जाएगी रैली सौंपा जाएगा ज्ञापन

**सीहोर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान नेतृत्व में किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले के वरिष्ट कांग्रेस नेता गणों, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगणों, युवाओं, मातृ शक्तियों, कर्मठ कार्यकर्ता एवं किसानगणों की उपस्थिति में आज दिनांक 24 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय बस स्टेण्ड, सीहोर से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय सीहोर पहुंचकर किसानों की गंभीर समस्याओ के विरोध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। सीहोर जिले के वरिष्ट कांग्रेस नेता गण, सभी मोर्चा संगठन के पदाधिकारीगण, सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण सहित प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी जयश्री हरिकरण, सहप्रभारी दिनेश मेघानी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर बोरदी ने सभी वरिष्ट कांग्रेस जनों मोर्चा संगठन के पदाधिकारी गण ने जिले के समस्त कांग्रेस जनों एवं किसान भाइयों से 24 मार्च को 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय सीहोर पहुंचने की अपील की है।

### स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल खेले गए। इसमें पहला सेमीफाइनल मैच भोपाल क्रिकेट अकादमी और सीसीए के मध्य खेला गया था। इस मुकाबले सीसीए ने पांच विकेट से जीत हासिल की। वहीं लगातार जीत दर्ज करने वाली सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने जलगांव को एक तरफा सेमीफाइनल मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को प्रतियोगिता का फाइनल मैच दोपहर में सीसीए और सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला जाएगा। आयोजन समिति की ओर से अतुल त्रिवेदी ने बताया कि सोमवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल क्रिकेट अकादमी टीम 17.5 ओवर में 115 रन पर सिमट गई। इसमें श्याम सुंदर ने 29 रन, शिवजीत ने 15 रन, सचिन ने 14 रन, पुशांक शर्मा ने 11 रन की पारी खेली।

## एक फायर ब्रिगेड के भरोसे 101 ग्राम पंचायतें, आखिर कौन समझेगा किसानों का दर्द...?

# भैरूंदा में आग का कहर: सैकड़ों एकड़ गेहूं जलकर खाक, मुआवजा 'ऊंट के मुंह में जीरा'

सबसे ज्यादा चुभने वाली बात यह रही कि इस संकट की घड़ी में जनप्रतिनिधि पूरी तरह नदारद नजर आए। न कोई नेता मौके पर पहुंचा और न ही किसी ने किसानों का दर्द जानने की कोशिश की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



मार्च की तपती दोपहर, तेज हवाओं का थपेड़ा और खेतों में खड़ी सूखी फस इन हालातों ने भैरूंदा तहसील को मानो आग के हवाले कर दिया। टीकमोड, छीपानेर, नीमोटा, राला, झाली, गोरखपुर और बाईसाद सहित कई गांवों में आग की लपटों ने ऐसी तबाही मचाई कि सैकड़ों एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल चंद मिनटों में राख बन गई। जहां कल तक सुनहरी बालियां लहरा रही थीं, वहां अब काली राख और किसानों की मायूसी पसरी है।

चार महीने की मेहनत, दिन-रात की निगरानी और कर्ज लेकर बोई गई फसल जब किसानों की आंखों के सामने जलती रही, तो उनके साथ उनकी उम्मीदें भी राख हो गईं। यह आग केवल खेतों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अन्नदाता के भरोसे और भविष्य को भी झुलसा गई।

सबसे ज्यादा चुभने वाली बात यह रही कि इस संकट की घड़ी में जनप्रतिनिधि पूरी तरह नदारद नजर आए। न कोई नेता मौके पर पहुंचा और न ही किसी ने किसानों का दर्द जानने की कोशिश की। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले जनप्रतिनिधियों की यह खामोशी अब ग्रामीणों के गुस्से को भड़का रही है। लोगों के बीच सवाल गूंज रहा है-क्या जनसेवा अब केवल मंचों और भाषणों तक ही सीमित रह गई है?

प्रशासनिक व्यवस्था भी इस आपदा के सामने कमजोर साबित होती दिख रही है। आगजनी के बाद तत्काल सर्वे और राहत कार्य की जरूरत थी, लेकिन कार्रवाई की रफ्तार बेहद सुस्त है। कई गांवों में फसल जलने के बावजूद प्रकरण तहसील तक नहीं पहुंच पाए हैं। स्थिति यह है कि इतनी बड़ी तबाही के बीच अब तक केवल एक ही मामला दर्ज हो पाया है। किसानों का आरोप है कि अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे और केवल औपचारिकता निभाते हुए पटवारी ने रिपोर्ट तैयार कर दी। मुआवजे की स्थिति भी किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। आरबीसी 6(4) के तहत प्रति हेक्टेयर 27 से 30 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है, जबकि लागत ही लगभग इतनी बैठती है। एक हेक्टेयर में जहां किसान को करीब 40 हजार रुपए तक की आमदनी की उम्मीद होती है, वह पूरी तरह आग में स्वाहा हो चुकी है। ऐसे में यह राहत राशि किसानों के लिए "ऊंट के मुंह में जीरा" साबित हो रही है। इस आपदा ने किसानों की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह हिला दिया है। सहकारी समितियों और बैंकों का कर्ज पहले से ही सिर पर है, वहीं 28 मार्च तक ऋण चुकाने की अंतिम तिथि नजदीक है। जिन किसानों की फसल जल चुकी है, उनके पास अब भुगतान का कोई साधन नहीं बचा। समय पर कर्ज नहीं चुकाने पर 12 प्रतिशत तक ब्याज और डिफॉल्टर घोषित होने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रभावित हो सकता है। आगजनी की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरी तहसील की 101 ग्राम पंचायतों और नगर की सुरक्षा केवल एक फायर ब्रिगेड के भरोसे है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के टैंकर या तो खराब पड़े हैं या उनके संचालन की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। आग लगने के बाद दमकल को दूर-दराज के गांवों तक पहुंचने में एक घंटे से अधिक समय लग जाता है, तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका होता है। हर साल गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन रोकथाम के नाम पर कोई ठोस योजना आज तक नहीं बन पाई। न ग्राम स्तर पर फायर पॉइंट विकसित किए गए और न ही त्वरित सूचना तंत्र तैयार किया गया। यह लापरवाही अब किसानों पर भारी पड़ रही है। तहसीलदार सौरभ शर्मा का कहना है कि उनके पास अभी तक केवल टीकमोड गांव का एक ही प्रकरण पहुंचा है, जिसकी मुआवजा राशि जारी कर दी गई है। बाकी मामलों के प्रकरण तहसील कार्यालय तक नहीं पहुंचने से संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए

ग्रामीणों ने मांग की है कि गोपालपुर, लाड़कुई, चकल्दी सहित प्रमुख स्थानों, कृषि उपज मंडी और थाना स्तर पर अलग-अलग फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर के अनुसार नई आधुनिक फायर ब्रिगेड मशीन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, जिसकी लागत करीब 55 से 60 लाख रुपए बताई जा रही है। शासन प्रशासन स्तर पर जल्द ही राशि स्वीकृत होने पर फायर ब्रिगेट मशीन की सेवा मिल सकेंगी।

## राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का भव्य आगाज, आज पहुंचेगे केंद्रीय कृषि मंत्री





**बुधनी।** केंद्रीय कृषि यंत्रीकरण एवं परीक्षण प्रशिक्षण संस्थान (CFMTTI), बुधनी में "राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो–2026" का भव्य शुभारंभ सोमवार को क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव द्वारा किया गया इस अवसर पर युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ.बी.एम.नांदेड़े द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई इस दौरान मंत्रालय के अपर आयुक्त डॉ.व्ही.एन. काले,हिसार संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश जैन,अनंतपुर संस्थान के निदेशक डॉ.पी.पी.राव, आसाम संस्थान की निदेशक श्रीमती कमलाबाई,अवर सचिव दीपक कुमार सहित राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

उद्घाटन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया एक्सपो में आधुनिक कृषि यंत्रों, नवाचारों,ड्रोन तकनीक,फसल प्रबंधन एवं प्रसंस्करण तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिससे किसानों को उन्नत कृषि की नई दिशा मिल रही है इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण समय की जरूरत है, इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ेगा वहीं, कार्तिकेय सिंह चौहान ने युवाओं से कृषि क्षेत्र में आगे आकर आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।

### आज आएंगे केंद्रीय कृषि मंत्री

एक्सपो के दूसरे दिन यानी आज 24 मार्च को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में शामिल होंगे वे किसानों एवं कृषि उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुनेंगे इस दौरान अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं एवं नई सुविधाओं का लोकार्पण,विभिन्न संस्थानों के साथ एमओयू हस्ताक्षर, किसानों को आधुनिक टूलकिट वितरण और लगभग 5 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित पिवोट सिंचाई प्रणाली का उद्घाटन किया जाएगा तीन दिवसीय इस कृषि प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक, उद्यमी एवं विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

एक्सपो का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर कृषि उत्पादकता बढ़ाना और नवाचार को बढ़ावा देना है।

## संपत्तिकर-जलकर वसूली पर सख्ती: 31 मार्च तक जमा नहीं किया कर तो होगी कुर्की-तालाबंदी



**भैरूंदा।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति नजदीक आते ही नगर परिषद ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राम प्रसाद भावरे ने सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य राजस्व मदों की वसूली की समीक्षा बैठक ली। बैठक में वार्ड प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि हर हाल में शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए।

सीएमओ भावरे ने दो टूक कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन वार्डों में वसूली की प्रगति धीमी है, वहां तत्काल अभियान चलाकर बकायेदारों से कर जमा कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा तक कर जमा नहीं करने वाले बकायेदारों के खिलाफ कुर्की एवं ताला बंदी जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राजस्व अमले को निर्देशित किया गया कि वे घर-घर संपर्क कर नागरिकों को कर जमा करने के लिए प्रेरित करें, साथ ही बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर प्राथमिकता से वसूली की कार्रवाई करें। नगर परिषद द्वारा वसूली अभियान को अंतिम चरण में तेज कर दिया गया है, ताकि लक्ष्य समय पर पूरा हो सके।

इधर नगर परिषद ने शहर के नागरिकों से भी अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 तक अपने बकाया जलकर, संपत्तिकर, दुकान किराया सहित अन्य करों का भुगतान कर दें, ताकि अतिरिक्त अधिभार और कार्रवाई से बचा जा सके। नगर परिषद सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने स्पष्ट किया है कि समयसीमा के बाद नियम अनुसार जुर्माना वसूला जाएगा।

## मोटर चोर गिरोह का पर्दाफाश: 6 आरोपी गिरफ्तार, किसानों की राहत




**भैरूंदा।** क्षेत्र में लगातार हो रही मोटर चोरी की घटनाओं से परेशान किसानों को आखिरकार राहत मिली है। गोपालपुर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक संगठित मोटर चोर गिरोह का पर्दाफाश कर 4 चोरों सहित 2 कबाड़ियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 मोटर, भारी मात्रा में केबल वायर और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है।

पुलिस को पिछले कुछ समय से गोपालपुर क्षेत्र में तालाबों, नदियों और ट्यूबवेलों से मोटर व केबल चोरी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में गोपालपुर थाना प्रभारी महेन्द्र गौड़ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में सुनील उर्फ काटरु, राजू उर्फ राजेन्द्र, सूरज और पतिराम ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मोटर और केबल चोरी करना कबूल किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 4 ओपनवेल मोटर और 1 सबमर्सिबल पंप बरामद किया। वहीं आरोपी सूरज के पास से वारदात में उपयोग की गई पल्सर बाइक (MP-37-ZG-8392) भी जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी चोरी का केबल गोपालपुर के कबाड़ी अनिल निमोरे और विकास जाटव को बेचते थे। पुलिस ने दोनों कबाड़ियों के यहां दबिश देकर तांबे का वायर बरामद किया और उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपये है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में निरीक्षक महेंद्र सिंह गौड़, उपनिरीक्षक लवेश कुमार, एएसआई विजय यादव सहित पुलिस टीम के कई जवानों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं किसानों ने भी राहत की सांस ली है।

## मरीह माता मंदिर में विश्व शांति और युद्ध विराम की कामना को लेकर विशेष यज्ञ

**सीहोर।** शहर के विश्राम घाट के पास चौसठ योगनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के मौके पर सोमवार को विश्व शांति और युद्ध विराम की कामना को लेकर विशेष यज्ञ अनुष्ठान आयोजित किया गया। पिछले कई दिनों से इजराइल, ईरान और अमरिका आदि देशों में युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय तनाव को देखते हुए इस आयोजन में दुनिया भर के कल्याण की प्रार्थना की गई और विशेष रूप से विश्व शांति के लिए आहुतियां दी गई।

प्रतिदिन सुबह हवन और आरती का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को 31 सौ से अधिक देवी मंत्रों और सप्तशती पाठ के साथ स्कंद माता की पूजा-अर्चना की। मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा, गोविन्द मेवाड़ा सहित अन्य ने कन्याओं को फल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य गणेश शर्मा, सुनील चौकसे, पंडित उमेश दुबे, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि शामिल थे।

**प्रतिदिन माता का श्रृंगार किया जा रहा :** प्रतिदिन माता का श्रृंगार किया जा रहा है। महाअष्ठमी को दोपहर बारह बजे कन्याओं को हलवा-पुड़ी, खीर के साथ प्रसादी का वितरण किया जाएगा। वहीं रात 12 बजे महानिशा आरती का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि नवरात्रि साल में दो बार आती है एक चैत्र नवरात्र और दूसरा शारदीय नवरात्र। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का बेहद महत्व है। इसके माध्यम से मां दुर्गा की पूजा की जाती है और मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में हर दिन का अपना खास महत्व है। हर दिन एक देवी की पूजा की जाती है। पहले तीन दिनों में मां दुर्गा की पूजा की जाती है। चौथे और पांचवें दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। आखिरी चार दिनों में मां सरस्वती की पूजा की जाती है जो ज्ञान की देवी हैं। स्कंदमाता पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मां का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया था। चैत्र नवरात्रि का पांचवां दिन है। इस दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता का पूजन होता है। भगवान शिव और पार्वती के पहले पुत्र हैं कार्तिकेय, उनका ही एक नाम है स्कंद। कार्तिकेय यानी स्कंद की माता होने के कारण देवी के पांचवें रुप का नाम स्कंद माता है। उसके अलावा ये शक्ति की भी दाता हैं। सफलता के लिए शक्ति का संचय और सृजन की क्षमता दोनों का होना जरूरी है। माता का ये रूप यही सिखाता है और प्रदान भी करता है।

### मंडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंचते हैं

# सेवा सप्ताह के तहत पहल: कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए शीतल पेयजल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा






तपती गर्मी के बीच किसानों को राहत देने के उद्देश्य से सोमवार को नगर की कृषि उपज मंडी में शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह पहल भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा सेवा सप्ताह के तहत की गई, जिसका नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार ने किया।

कार्यक्रम के दौरान मंडी में आने वाले किसानों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। गर्मी के मौसम में जहां किसान दिनभर खेतों और मंडी में काम करने को मजबूर रहते हैं, वहीं इस तरह की व्यवस्था उन्हें राहत देने वाली साबित हो रही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल एवं ओम पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, मंडल महामंत्री दीनबंधु कुशवाहा, महेश खंडेलवाल और सुनील जोशी सहित अन्य पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सेवा सप्ताह के माध्यम से पार्टी का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर उनकी जरूरतों को समझना और समाधान के प्रयास करना है। किसानों के लिए शीतल पेयजल की यह व्यवस्था भी उसी दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। नेताओं ने कहा कि मंडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंचते हैं, ऐसे में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस पहल से न केवल किसानों को गर्मी से राहत मिलेगी, बल्कि उन्हें सम्मान का भी अनुभव होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और उन्होंने इस व्यवस्था की सराहना की। किसानों का कहना था कि भीषण गर्मी में शीतल पेयजल की सुविधा उनके लिए बेहद जरूरी है और इस तरह के प्रयास आगे भी जारी रहने चाहिए। सेवा सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से आमजन और किसानों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।


**कार्यालय अधिष्ठाता आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)**

कोटेशन सूचना

आर.ए. के कृषि महाविद्यालय सीहोर प्रथम आमंत्रण

क्रमांक / वर्क-सेक्शन / 2026 / 2891 सीहोर, दिनांक 23/3/26

आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय, सीहोर में परकोलेशन सह वॉटर हार्वेस्टिंग टैंक (तालाब) के निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु कोटेशन दिनांक 06.04. 2026 समय सांय 5 बजे तक सील बंद लिफाफे में आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि |
|---|---|---|
| 1. | Providing & Fixing Geo Membran (500 Micron 420 GSM) with tranportation pond size 30 m.x 30 m x3.0 m | 2,50,000/- (जी.एस.टी सहित) |
| 2. | Providing & Fixing Geotextile (280 GSM) with tranportation pond size 30 m.x 30 m x3.0 m | 2,50,000/- (जी.एस.टी सहित) |
| 3. | Pond finishing: Making shop corner, cleaning of sub grade soil chaining & planting and Excavation of filtration chamber pond size 30 m.x 30 m x3.0 m | 2,50,000/- (जी.एस.टी सहित) |

उपरोक्त कार्य की जानकारी हेतु आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय, सीहोर में कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्यालय, वर्कसेक्शन में संपर्क कर सकते हैं।

अधिष्ठाता
आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय
सीहोर (म.प्र.)



**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील इछावर जिला-सीहोर (म.प्र.)**

E-mail:- tahsildarichhawar@gmail.com, Ph:- 07561275346

प्रकरण क्रमांक 0002/अ-20(अ)/2025-26
इछावर, दिनांक 18/03/2026

:: सूचना पत्र ::

UP SANCHALAK PASHUPALAN AVAM DAIRY VIBHAG SEHORE.....आवेदक

-:: बनाम:: -

मध्यप्रदेश शासन... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम चैनपुरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 367, 371/1, 378/1 रकबा क्रमशः 0.502 हे., रकबा 13.152 हे., एवं 27.923 हे. भूमि UP SANCHALAK PASHUPALAN AVAM DAIRY VIBHAG SEHORE द्वारा स्वावलंबी वृहद गौशाला की स्थापना हेतु भूमि की मांग की गई है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 02/04/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उपर वर्णित स्थान अथवा निश्चित दिनांक तक आपत्ति एवं आवेदन पत्र पेश नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक 17/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार,
तहसील इछावर

### बारोल जोड़ के समीप शनिवार रात्रि हुई घटना, शराब के नशे में था चालक

# राजगढ़ उर्स में आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 8 घायल, एक बच्ची रेफर





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शराब का नशा कभी-कभी खुशियों को छीन लिया करता है। इसी बात की बानगी शनिवार रात्रि जिले की राजस्थान सीमा से सटे क्षेत्र में उसे समय देखने मिली जब शराब के नशे में टैक्टर-ट्रॉली चला रहे व्यक्ति के हाथ से वाहन अनियंत्रित हो गया। दुर्घटना में 8-10 लोग घायल हुए हैं। सभी घायल राजगढ़ मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लगे 112वें सालाना उर्स मेले में मनोरंजन के लिए आ रहे थे और इस बीच यह हादसा हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस व अन्य साधनों से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा गया। यहां एक बच्ची के गंभीर घायल होने पर उसे खिलचीपुर से सीधे भोपाल रेफर कर दिया गया।

#### 20 से अधिक लोग ट्रॉली में थे सवार

जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि भूमरिया, पपड़ेल क्षेत्र के 20 से अधिक लोग, महिलाएं एवं बच्चे राजगढ़ उर्स मेला देखने आ रहे थे। इस दौरान रात्रि करीब 10.30 बजे बारोल जोड़ के पास टैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी मार गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। रात्रि का समय होने के चलते मौके पर ज्यादा लोग भी नहीं थे जो घायलों को अस्पताल भिजवा सकें। खिलचीपुर पुलिस को सूचना मिलने के बाद तत्काल एम्बुलेंस घटनास्थल के लिए रवाना की गई जिसकी मदद से सभी घायलों को खिलचीपुर अस्पताल लाया गया। सभी घायल तंवर समाज के बताए जा रहे हैं।

#### दुर्घटना में ये हुए हैं घायल

हादसे में सीमाबाई बतंवर उम्र 15 वर्ष, पूजा तंवर उम्र 14 वर्ष कान्हा तंवर उम्र 9 वर्ष, कविता तंवर उम्र 20 वर्ष, संम्पतबाई तंवर उम्र 60 वर्ष, लखन तंवर उम्र 18 वर्ष, देवीसिंह तंवर उम्र 32 वर्ष एवं किरण तंवर उम्र 7 वर्ष शामिल हैं। खिचलपीर अस्पताल में सभी घायलों का प्रायमरी ट्रीटमेंट किया गया। यहां बालिका किरण तंवर की ज्यादा गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। इस दुर्घटना में जिस बच्ची किरण को भोपाल रेफर किया गया है उसका एक हाथ पूरा चकनाचूर हो गया है। उसकी हालत फिलहाल स्थित बताई जा रही है।

#### ट्रैक्टर में लगा रखे थे बड़े स्पीकर, नशे में ड्राइवर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के दौरान ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में था और काफी तेज वाहन चला रहा था। जैसे ही बारोल जोड़ आया वहीं वाहन पलट गया। गनीमत से ट्रॉली ने ज्यादा पलटी नहीं खाई अन्यथा और बड़ी जनहानि हो सकती थी। खिलचीपुर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक बजेसिंह तंवर पर विभिन्न सुसुगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क दुर्घटना में खुजनेर के युवक की मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



रविवार को गुलावता जोड़ नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक ने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा काफी भयावह था, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटना में जगदीश चौबे ने मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा, जहा पोस्टमार्डम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीश चौबे इलाज कराने के लिए सारंगपुर आया था और वापस खुजनेर लौटते समय गुलावता जोड़ के पास ट्रक (क्रमांक यूपी 32 जीएन 2417) की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं क्षेत्र में भी गम का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# चाय दुकान की पर गाली-गलौच व मारपीट की धमकी, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर




भोपाल रोड स्थित एक चाय दुकान संचालक के साथ गाली-गलौच और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे मामले में साक्ष्य भी सामने आ गया है।

पुलिस के मुताबिक अनिल राठौर पिता शिवनारायण राठौर निवासी ग्राम झुमका अपने भाई विशाल राठौर के साथ थाना कुरावर पहुंचकर षिकायत दर्ज करवाई है। उसने बताया कि वह भोपाल रोड पर "अश्विनी अतुल्य" नाम से चाय की दुकान संचालित करता है। रात करीब 9.30 बजे वी.के. सम्पूर्ण अस्पताल कुरावर के संचालक रवि केलकर उसकी दुकान पर पहुंचे और बिना किसी कारण के मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगे। उन्होंने दुकान बंद करने के लिए दबाव बनाया और फरियादी को मारने पर भी उतारू हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### पारायण चौक में हनुमान जन्मोत्सव तक अनवरत चलेंगे धार्मिक आयोजन

# कथा में श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

बीते 82 वर्षों की परंपरानुसार स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति में नवरात्र में 9 दिवसीय रामकथा का आयोजन करवाया जा रहा है। गुड़ी पड़वां से आरंभ हुआ यह आयोजन आगामी 27 मार्च तक अनवरत जारी रहेगी। प्रतिदिन रात्रि में चल रहे इस धार्मिक आयोजन के तृतीय दिवस शनिवार रात्रि शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया गया, वहीं झांकी भी बनाई गई। व्यासपीठासीन संत सुश्री भुवनेश्वरी भक्तों को कथा का रसपान करवा रही हैं। रविवार रात्रि श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया जिसे सुन भक्त भाव-विभोर हो उठे। आगामी दिनों में श्रीराम की बाल-लीलाओं, अहिल्या उत्रेहर, पुष्प वाटिका प्रसंग, राम-सीता विवाह, श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग, भरत चरित्र, शबरी चरित्र सहित अन्य प्रसंग सुनाए जाएंगे।

**झांकियां भी मोह रही हैं श्रद्धालुओं का मन**



#### 28 मार्च से आरंभ होगी श्रीमद् भगवात कथा

गीता मानस प्रचार समिति में चल रहे यह आयोजन सिर्फ रामकथा तक की सीमित नहीं हैं बल्कि हनुमान जन्मोत्सव तक अनवरत चलेंगे। रामकथा उपरान्त 28 मार्च को कलशयात्रा निकाली जाएगी एवं भागवत कथा आरंभ होगी। पं. प्रमोद नागर भक्तों को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में अन्य बड़े आयोजन भी करवाए जाने की रूपरेखा अन्य समिति, संगठनों द्वारा की जा रही है। आपको बतादें कि गीता मानस प्रचार समिति की स्थापना 82 वर्ष पूर्व हरिओम तत्सतजी महाराज द्वारा की गई। इन्हीं देवतुल्य संत की समाधि स्थानीय खोयरी महादेव क्षेत्र में निर्मित है।

## लावारिस मिली रेत खनन की सामग्री

**विदिशा**। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कहीं भी अवैध उत्खनन न होने पाए। निर्देशों के पालन में नदी क्षेत्र के पास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को नटेरन तहसील क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम गुरोद के पास सगड़ नदी क्षेत्र में रेत खनन में प्रयुक्त सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

तहसीलदार आनंद कुमार जैन ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम गुरोद के सगड़ नदी क्षेत्र में रेत निकालने का सामान जिनमें दो इंजन, एक छन्ना, दो फुटबॉल हरे रंग की, 4 इंची 1 फुटबॉल हरे रंग की, 3 इंची 12 काले रंग के पाइप लावारिस स्थिति में पाए गए थे, जिन्हें टीम द्वारा जप्त कर नटेरन थाने में रखवाया गया है। इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

# शिवालय में भगवान नंदेश्वर और पार्वती माता की प्राण-प्रतिष्ठा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के आवास कॉलोनी गायत्री शक्तिपीठ परिसर में स्थित शिवालय में नंदेश्वर भगवान एवं पार्वती मैया की मूर्ति की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, डॉ आरबी गुप्ता प्रोफेसर, सूरजमल भावसार, रामनिवास मीणा, मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी महिला मंडल गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्टी ज्योत्सना दांगी, सुमित्रा गुप्ता, शोभा गुप्ता , मंजू गुप्ता , सूरजबाई गुप्ता , बिंदु सोनगिरा आदि की उपस्थित में प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण से की गई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि महोत्सव का आयोजन नियमित रूप से समयानुसार चल रहा है जिसमें प्रथम दिवस गणगौर पर्व पर यज्ञ पूजन एवं हवन कार्य किया गया। इस पुनीत कार्य में गायत्री परिवार सदस्य सहित धार्मिक श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



**नरसिंहगढ़**। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला राजगढ़ के अंतर्गत रविवार को नवांकुर संस्था ओम शांति महिला मंडल नरसिंहगढ़ द्वारा शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ के परिषर में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए परामर्श दाताओं एवं छात्र छात्राओं द्वारा वृक्ष पूजन किया गया तथा जल स्त्रोत में तलाव की साफ - सफाई की गई। कार्यक्रम में समस्त परामर्श दाता व नवांकुर संस्था के पदाधिकारी एवं छात्र छात्राओं का सहयोग प्राप्त हुआ। संस्था की अध्यक्ष हेमलता गोयल ने बताया की जल संरक्षण हमारे लिए बहुत ही आवश्यक है। वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। जहां अधिक बृक्ष होंगे वहां सुख सम्रद्धि वैभव शाली जीवन होता है। हम सबका दायित्व है कि हम सब इनकी रक्षा करें। अंत में सभी ने जल एवं वृक्ष बचाने की शपथ ली।

### महामंत्री पद पर त्रिकोणीयः राजेश सोनी, उमेश सिंघल व नरेंद्र सोनी के बीच

# व्यापार महासंघ अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन व राजीव जैन के बीच व महामंत्री के लिए त्रिकोणीय होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

व्यापार महासंघ के आगामी चुनाव, जो 29 मार्च को आयोजित होने जा रहे हैं। शनिवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई। इस दौरान जिन प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया, उन्होंने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। जानकारी के अनुसार कुल 7 पदों के लिए 19 नामांकन पत्र जमा हुए थे। महामंत्री पद पर उमेश सिंघल, राजेश सोनी खुबाल व नरेंद्र सोनी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हरीश वाधवानी व आशीष मोदी के बीच चुनाव होगा। उपाध्यक्ष पद पर नीरज चौरसिया और आशीष माहेश्वरी के बीच चुनाव होगा। संयुक्त मंत्री के लिए अनुराग गोयल और राजकुमार नेमा मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए राजकुमार अग्रवाल और मनीष जैन आमने सामने हैं।

#### 29 मार्च को होगा चुनाव

विदिशा व्यापार महासंघ के वर्ष 2026-2029 के लिए चुनावों का माहौल तेज हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन और राजीव जैन (गट्टू) के बीच सीधा मुकाबला तय हुआ है। चुनाव 29 मार्च को होंगे, जिसमें शहर के 36 व्यापारी संगठनों के सदस्य नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। सभी की निगाहें मतदान और उसके परिणाम पर टिकी हैं।

# इस प्रकृति का कण-कण और मनुष्य का क्षण-क्षण भगवान के ही नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर





इस संसार में भगवान की इच्छा के बिना कुछ भी नहीं होता है। कुछ अच्छा हो जाने के बाद मनुष्य सोचता है कि यह मैंने किया है। लेकिन यह सनातन सत्य है कि इस प्रकृति का कण-कण और मनुष्य का क्षण-क्षण भगवान के ही नियंत्रण में है। राम जी जब जो सोचते हैं उस समय वैसा ही हो जाता है मनुष्य के किए कुछ भी नहीं होता है।

यह बात बिजासन धाम भैसवामाताजी में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर चल रही श्रीराम कथा में अयोध्या से पधारे प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज कथा के चैथे दिन कहीं। आगे उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन के लिए हमारे धर्म शास्त्रों में पांच प्रकार के यज्ञ की चर्चा की है। वैसे तो गृहस्थ का जीवन भी एक यज्ञ ही है लेकिन साथ ही साथ उससे भूत यज्ञ, पितृ यज्ञ, ब्रह्म यज्ञ और देव यज्ञ की भी अपेक्षा की जाती है। धर्म सम्मत जीवन जीने वाले लोग इन सभी यज्ञों को अपने जीवन काल में आसानी से पूरा कर लेते हैं। व्यासपीठ का सपत्नीक पूजन मुख्य यजमान ने किया। महाराज श्री ने कई सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित रामकथा के प्रेमी, भजनों का आनन्द लेते हुए झूमते नजर आए।

### यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक में लिया फैसला

# यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में नाबालिग की नहीं होगी शादी और बालिग की नहीं छपेगी पत्रिका, छपवाने वाले होंगे सम्मेलन से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

तहसील में आगामी 29 अप्रैल को ग्राम निवानिया में होने वाले यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समाज को एक सही दिशा में ले जाने के लिए समाजसेवियों द्वारा कई प्रकार की पहल की जा रही है। इसी को लेकर रविवार को ग्राम निवानिया के खेड़ापति हनुमान मंदिर पर समाज की जिला स्तरीय बैठक हुई। जिसमें यादव समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि समाज के सम्मेलन में नाबालिग बच्चों की शादी के लिए बिल्कुल भी रसीद नहीं कांटे। युवक की उम्र 21 और युवती की उम्र 18 साल होना चाहिए। जिन युवक-युवती की शादी सम्मेलन में की जाएगी उनके परिजन घर पर किसी भी प्रकार का आयोजन विवाह पत्रिका छपवाकर नहीं करेंगे। अगर कोई इसके खिलाफ जाता है, तो उसको समाज द्वारा सम्मेलन में काटी गई रसीद का पैमेंट वापस कर सामूहिक विवाह सम्मेलन से बाहर कर दिया जाएगा। उन्हे समाज के सम्मेलन में शादी करने की अनुमति नहीं होगी। इस बात को बैठक में उपस्थित समाजजनों ने समर्थन कर फिजूल खर्च को रोकने पर जोर दिया गया।



**समितियों का गठन कर सौंपी जिम्मेदारी-** बैठक में जिलेभर से उपस्थित समाजजनों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए दस प्रकार की अलग-अलग समितियों का गठन कर समाज की लोगों को जिम्मेदारिया दी गई। जिससे इस विशाल आयोजन को सफल किया जा सके। इसमें पाण्डाल समिति, सामान क्रय समिति, जल समिति, सुरक्षा समिति, पार्किंग समिति, भोजन समिति सहित अन्य शामिल है।

#### गरीब बच्चों का निःशुल्क होगा विवाह

विवाह सम्मेलन में गरीब युवक-युवती जिनके माता या पिता नहीं है, और घर से आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनका सम्मेलन में कोई पैमेंट नहीं लिया जाएगा। उनका विवाह निःशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश एच.एल यादव, समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमसिंह यादव, यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, व्यवसायी लक्ष्मीनारायण यादव सेठ, रामसिंह यादव भाटखेड़ी, उज्जैन धर्मशाला अध्यक्ष रामगोपाल यादव, डीपीसी राजेन्द्र यादव, उंकारसिंह यादव नारियाबे, नेमसिह यादव जामी, राधेश्याम यादव सीलखेड़ा, पूर्व सरपंच प्रेमनारायण यादव सांडाहेड़ी, पूर्व सरपंच जगदीष यादव बरखेड़ा, सरपंच लखन यादव तलेनी, युवा समाज अध्यक्ष भगवानसिंह यादव गिंदौरहाट, पूर्व सरपंच छगनसिंह यादव, सत्यनारायण यादव निवानिया, शिक्षक कमल यादव, जनपद सदस्य लखन यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव, रमेश यादव, सुखराम यादव, हेमराज यादव कीलखेड़ा, डॉ. मोहन यादव निवानिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों के हित में मुख्य मंत्री को पत्र लिखा

**सीहोर।** शुगर मिल सालवेंट प्लांट के पीड़ित कर्मचारियों के हित में वर्षों से हक की लड़ाई लड़ते चले आ रहे घनश्याम यादव ने सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र प्रेषित किया जिसमें कहा गया कि हमारे भारत के कानून से 27 साल से लड़ाई लड़ रहे म.प्र. की सबसे बड़ी शुगर मिल की गूंज न विधान सभा में उठी न लोकसभा में और न ही राज्यसभा में, 27 साल से बन्द मिल के मामले पर कोई कार्यवाही नही हुई। गरीब मजदूरों के आंसू पोछने वाला कोई नही, पक्ष-विपक्ष या अन्य संगठन खास बात तो यह है कि मानव अधिकार आयोग ने भी अपने अधिकार का उपयोग नहीं किया। 100 से अधिक मजदूरों की मौत पैसे के अभाव में इलाज न कराने से हो चुकी। वहीं कई बच्चे शिक्षा से वंचित हो गये जो दर-दर कि ठोकर खा रहे है। सीहोर जिले की शुगर मील व जगमानक के सालवेन्ट प्लांट लगभग 27 साल से बन्द कर दी गई। यह शुगर मील म.प्र. कि सबसे बड़ी मील भी राजनीति के संयंत्र के करण इसे दिगविजय सिंह के शासन में बंद की दी गई थी। इस मील में लगभग 1500 कर्मचारी परमानेन्ट काम कर रहे थे। आज भी मजदूर बैरोजगार भटक रहै है। शासन प्रशासन भी उच्च स्तर कोई कार्य नही कर पा रहा है। शासन-प्रशासन य राज्य सरकार को चाहिए की हम मजदूरों के हित में कोई कार्यवाही से हमें राहत दिलाई जाए। शुगर मील की 150 एकड़ जमीन खुद की है जबकि लगभग 5000 पांच हजार एकड़ जमीन लीज की है। जिस पर राज्य सरकार को ध्यान देना चाहिए। और मजदूरों को न्याय दिलाना चाहिए।

### अंश का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**कांटाफोड़।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम जिनवानी के होनहार छात्र अंश मीणा (पुत्र श्री दिनेश मीणा) ने उत्कृष्ट प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चंद्रकेसर बांध स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर अंश ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और गांव का नाम रोशन कर दिया। इससे पहले भी अंश प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल की परीक्षा क्वालीफाई कर अपनी अद्वितीय क्षमता का प्रमाण दे चुका है। अंश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मीणा नवोदय कोचिंग के संचालक दादाजी मांगीलाल सीरा, सुनील पटेल मंडल अध्यक्ष , ओम गोमलाडू, गोविंद बारवाल, कमल सिसोडिया, राजेंद्र सिसोडिया, दिलीप पटेल, रमेश मीणा, डॉ. महेंद्र मीणा, डॉ. धर्मेंद्र मीणा, पिंटू सीरा, विकास खोलवाल, आनंद जारेड़ा सहित समस्त समाजजन एवं ग्रामवासी अत्यंत उत्साहित दिखे। अंश के चयन पर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

### शोभायात्रा का स्वागत

**देवास।** भगवान झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर पूज्य सिंधु पंचायत देवास द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति एवं उल्लास की मनोहारी अद्भुत छटा के दर्शन हुए। शोभायात्रा का श्री पिपलेश्वर महादेव भक्त मंडल एवं सेवा समिति तथा भजन गायक संजयकुमार जैन लख्खाजी व साथियो द्वारा इस छब्बीसवे वर्ष भी हार्दिक स्वागत सम्मान किया गया।

भ्रष्टाचार के सबूत मिले, कार्रवाई नहीं हुई, जांच के नाम पर डेढ़ माह से चल रहा लीपापोती का खेल

# भ्रष्टाचार में शामिल आरोपियों के बयान नहीं हुए, स्वास्थ्य विभाग के सामने आयुष्मान विभाग बौना साबित हो गया

जनपद अध्यक्ष ने कहा आयुष्मान में घोटाला करने वालों पर कलेक्टर एफआईआर दर्ज कर बर्खास्त करें।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना के इनसेंटिव में हुए 46 लाख रुपए के मामले को उजागर हुए डेढ़ माह से ज्यादा का समय बीत चुका है। जबकि भ्रष्टाचार के सबूत सीधे सीधे पूरी कहानी बयां कर रहा है। इसके बावजूद अब तक आयुष्मान योजना के इनसेंटिव में भ्रष्टाचार करने वाले आरोपियों पर कोई भी ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। ऐसे में अंदाजा लगा सकते हैं आष्टा में भ्रष्टाचारियों के हौसले कितने बुलन्द हैं और वही जिले का स्वास्थ्य विभाग भी कार्यवाही करने की बजाय जांच के नाम पर लीपापोती करने में जुटा हुआ है। गौरतलब है कि सिवाय अस्पताल में पदस्थ सेवा निवृत शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन की शिकायत के बाद 27 जनवरी को उजागर हुए आयुष्मान योजना के इनसेंटिव घोटाले में 6 फरवरी को आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया ने सीहोर स्वास्थ विभाग को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। लिहाजा स्वास्थ विभाग ने आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के आदेश पर 10 फरवरी को 6 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया था। लिहाजा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया के द्वारा गठित टीम को डेढ़ माह से ज्यादा का समय बीतने को है लेकिन जांच टीम अब तक आरोपियों के बयान तक दर्ज नहीं कर पाई है जिससे आप समझ सकते हैं कि जांच टीम इस मामले पर कितनी गंभीर है

### डेढ़ माह बीतने को नहीं सौंप पाए जांच रिपोर्ट जांच टीम की नियत पर उठे सवाल

10 फरवरी को गठित 6 सदस्यीय जांच टीम में शामिल सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव, डॉक्टर अंकित चांडक, क्षमा बर्वे, डॉक्टर सोनल डागा, रवि जैन सहित अर्जुन सूखेजा अब तक जांच के नाम लीपापोती करते हुए नजर आ रहे हैं और कछुए की चाल की तरह डेढ़ माह में 46 लाख रुपए के घोटाले का जांच प्रतिवेदन भेजना तो दूर की बात है अब आरोपियों के बयान तक दर्ज नहीं करा पाए है ऐसे में जांच टीम की नियत और कार्यप्रणाली भी संदिग्ध नजर आती है।

### जिनके खातों में पहुंची आयुष्मान की राशि उन पर स्वास्थ विभाग की मेहरबानी

आयुष्मान योजना इनसेंटिव में हुए 46 लाख रुपए के घोटाले की जांच कर रही टीम ने 6 मार्च को घोटाले से जुड़े सभी लोगों को बयान के लिए बुलाया था जिसमें तत्कालीन बीएमओ प्रवीर गुप्ता, डॉक्टर जीडी सोनी, डॉक्टर एसके माहौर,स्टाफ नर्स और मुख्य आरोपी प्रमोद परमार,जगदीश मेवाड़ा के बयान सहित बैंक स्टेटमेंट लिया गया था लेकिन आयुष्मान योजना इनसेंटिव की राशि प्रमोद परमार ने अपने जिन रिश्तेदारों पत्नी दीक्षा परमार,कांता परमार,बबीता परमार, शुभम के खातों में ट्रांसफर की थी उनके बयान तक जांच टीम लेने का सामर्थ नहीं जुटा पाई। जिसके बाद जांच कर्ता स्वयं जांच के कटघरे में नजर आते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी भी नजर आती है

### नोटिस के बाद भी नहीं पहुंचे बयान देने

भ्रष्टाचार का आलम ऐसा है कि भ्रष्टाचार करने वाले आरोपियों में कोई खौफ नजर नहीं आता है जिसके चलते दो बार नोटिस जारी करने के बावजूद अब तक भ्रष्टाचार करने वाले लोग बयान देने तक नहीं पहुंची है आष्टा बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने बताया कि 6 मार्च और 13 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीहोर में बयान और बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध कराने के लिए नोटिस जारी किए गए थे वही सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिनके खातों में आयुष्मान योजना इनसेंटिव की राशि ट्रांसफर हुई थी उनमें दीक्षा परमार ,कांता परमार, बबीता परमार,शुभम परमार को बैंक खातों के स्टेटमेंट के साथ उपस्थित होने का नोटिस जारी किया गया था लेकिन यह अब तक उपस्थित नहीं हुए हैं और हम एक सप्ताह में जांच प्रतिवेदन बनाकर सौंपने वाले हैं।

### कार्रवाई करना चाहिएः गुणवान



इस मामले पर जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान ने कहा कि आयुष्मान योजना हमारी केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना है जिस तरह से आष्टा के सिविल अस्पताल में वही के अधिकारी और कर्मचारीयो ने 46 लाख से अधिक का घोटाला किया है ऊपर से अब तक कार्यवाही न होने से हमारी सरकार की छवि धूमिल होती है इस मामले को डेढ़ माह से अधिक हो चुका है दोषियों पर कार्यवाही के नाम पर डेढ़ माह से सिर्फ जांच की जा रही है जबकि घोटाले करने वाले अब तक वही पर काम कर रहे हैं ऐसे में कैसे निष्पक्ष कार्यवाही हो सकती है इस मामले पर सीहोर कलेक्टर को संज्ञान लेना चाहिए और दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर नौकरी से बर्खास्त करना चाहिए। यदि जरूरत पड़ी इस मामले पर उच्च अधिकारियों या विभागीय मंत्री से चर्चा करूँगी।

### दो बार नोटिस जारी किए, एक सप्ताह में सौंपेगे जांच रिपोर्टः सिविल सर्जन

जांच टीम को लीड कर रहे हैं सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिनके खातों में आयुष्मान योजना इनसेंटिव की राशि ट्रांसफर हुई थी उनमें दीक्षा परमार ,कांता परमार, बबीता परमार,शुभम परमार को बैंक खातों के स्टेटमेंट के साथ उपस्थित होने का नोटिस जारी किया गया था लेकिन यह अब तक उपस्थित नहीं हुए हैं और हम एक सप्ताह में जांच प्रतिवेदन बनाकर सौंपने वाले हैं।

### जिनके खातों में राशि पहुंची उन्हें दिए थे नोटिसः बीएमओ अमित माथुर

आष्टा बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने बताया कि आयुष्मान योजना इनसेंटिव की राशि दीक्षा परमार,कांता परमार,बबीता परमार के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी जिन्हें पहला नोटिस 6 मार्च को और दूसरा नोटिस 13 मार्च को बैंक स्टेटमेंट के साथ उपस्थित होने का जारी किया गया था।

## यज्ञशाला में ध्वज पूजन के साथ 5 दिवसीय श्री राम महायज्ञ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



ग्राम खाचरोद बाजार के स्थित प्रज्ञा कॉलोनी में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता व समस्त शिव परिवार की स्थापना होने जा रही है। जिसमें पांच दिवसीय श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरूआत 19 अप्रैल को होगी, जो 23 अप्रैल तक चलेगा। जिसकी ध्वज स्थापना 23 मार्च दिन सोमवार को समस्त ग्राम वासियों ने मिलकर विजय सिंह भाटी की अध्यक्षता में यजमान अजाप सिंह ठाकुर ने ध्वज पूजन कर नवनिर्मित यज्ञशाला में ध्वज लगाया गया। इस मौके पर यज्ञ आचार्य राधेश्याम पाराशर, ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, भारत सिंह दरबार, छगन जाट, बहादुर सिंह ठाकुर, जगदीश विश्वकर्मा, सोबाल सिंह ठाकुर, सज्जन सिंह ठाकुर, फतेह सिंह ठाकुर, अनार सिंह ठाकुर, कृपाल सिंह ठाकुर, बाबूलाल भाटी, गुलाब सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, बाबूलाल विश्वकर्मा, कृपाल सिंह ठाकुर, दौलत सिंह भाटी, दीपक भाटी व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## साहित्य परिषद की गोष्ठी में राठौर का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




अखिल भारतीय साहित्य परिषद तहसील ईकाई जावर का नव सम्वत्सर 2083 के स्वागत में भावसार परिसर मेहतवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबूलाल पटेल, विशेष अतिथि जयनारायण राठौर एवं विमल कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के साथ ही पूर्व प्रांतीय महामंत्री जय नारायण राठौर का शैक्षिक एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर तहसील अध्यक्ष मोहन आर्य सहित साहित्य प्रेमियों द्वारा साफा बांधकर डायरी, कलम एवं श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना के साथ वर्तमान समय की वैश्विक परिस्थितियों एवं सनातन पर हो रहे आघात पर कवियों ने गद्य एवं पद्य में अपनी बात के साथ हुआ।बाबूलाल पटेल द्वारा 'संगीनों पर सोना जहां, संगीनों पर ही बिछाना है' के द्वारा सैनिकों की देशभक्ति के महत्व को निरूपित किया ।वहीं मोहन भावसार ने भारतीय संस्कृति पर अपनी रचना सुनाई। जयनारायण राठौर ने 'अंगद जैसा बनकर हम, रावण का बल तोलेंगे। भारत मां के बेटे हैं हम, वंदे मातरम बोलेंगे' द्वारा राष्ट्र भावना व्यक्त की। विमल कुमार जैन द्वारा गौतम महावीर गांधी द्वारा शांति संदेश की बात रखते हुए अपनी रचना को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मोहन पाटीदार, राजेश शर्मा, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह नागराज, लोकेंद्र भावसार, लखन सिंह मंडलोई, राकेश शर्मा, सोबाल सिंह पत्रकार, लाखन सिंह पाटीदार, विनोद सोनी, बलवान सिंह ने गद्य, पद्य में रचना सुनाकर वातावरण को तरोताजा किया ।कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश शर्मा राष्ट्रीय पुरस्कृत ने एवं आभार डॉक्टर बलवान सिंह ने व्यक्त किया।

## मुनिश्री विश्वसुर्य सागर मुनिराज ससंघ के मंगल प्रवेश पर श्रध्दालुओं ने पद प्रच्छालन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जैन संत पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य वात्सल्य रत्नाकर विश्वसूर्य सागर मुनिराज व मुनिश्री साध्य सागर महाराज ससंघ के मंगल प्रवेश प्रातः चौपाल सागर चौराहे पर पंहुचकर बैंड बाजो, जय घोष से अगवानी कर श्रावक श्राविकाओ ने भक्ति भाव से पद प्रच्छालन किया। मुनिश्री ससंघ को शोभायात्रा के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिरपहुंचे। जहां दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष सहित सकल जैन समाज ने श्रीफल भेटकर आशीर्वाद लिया। धर्म सभा मे मुनिश्री ने संबोधित करते हुए आशीष वचन दिए। तत्पश्चात मुनिश्री ससंघ की आहार चर्या विधी विधान से संपन्न कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## नौ दिवसीय श्री रामकथा यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गंगानगर परशुराम वाटिका गार्डन, में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ की रविवार को पूर्णाहुति श्री राम राज्याभिषेक एवं रामराज्य की स्थापना के सुंदर प्रसंग के साथ हुई। आयोजक सुरेश चंद्र व्यास सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री ने बताया कि पूर्णाहुति के दिन कथा प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई। कथावाचक पं. ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने व्यासपीठ से कहा कि जब श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद माता सीता के साथ अयोध्या लौटने के लिए मार्ग प्रशस्त किया। अयोध्या में श्रीराम की विजय का स्वागत और उनकी घर वापसी एक ऐतिहासिक और धार्मिक घटना मानी जाती है। रामायण के इस हिस्से को राम की अयोध्या वापसी के रूप में जाना जाता है। श्रीराम की अयोध्या वापसी के समय सम्पूर्ण अयोध्या नगरी दीपों से सजाई गई थी, जिसे हम दीपावली के रूप में मनाते हैं। अयोध्या लौटने के बाद श्रीराम ने 14 वर्षों का वनवास समाप्त किया और अपनी राज्याभिषेक की तैयारी की। राज्याभिषेक के समय, विश्वामित्र, वशिष्ठ, और अन्य महान ऋषियों द्वारा श्रीराम को शास्त्रों और धार्मिक नियमों के अनुसार राज्य करने की विधि बताई गई। व्यासपीठ की आरती पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, पूर्व निगम आयुक्त एसएन झारिया, आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा मय कार्यकारिणी, कैलाश व्यास इंदौर, राजेंद्र व्यास लोहारदा, संजय व्यास, बलराम पटेल, बलराम पुरोहित खातेगांव, बीके तिवारी देवास आदि ने की। कथा की पूर्णाहूति के अवसर पर व्यास पूजन महेश व्यास, जगदीश व्यास सुरेश व्यास ने सपरिवार करते हुए गुरुजी का शाल-श्रीफल से अभिनंदन पत्र देकर अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया। गुरूजी ने आगे कहा कि रामकथा की पूर्णाहूति का संदेश यही है कि जीवन के हर पहलू में धर्म, सत्य, और न्याय का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए, और फिर भगवान के प्रति

### माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने निकाला गणगौर चल समारोह

## सीवन घाट पर पहुंचकर गीत गाते झाले दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गणगौर त्योहार मारवाड़ी पढ़ती से मनाया जाने वाला एक ऐसा त्यौहार हे जिसमें महिलाएं पूर्ण श्रृंगार कर भगवान शंकर एवं माँ पार्वती की पूजा अर्चना करती है एवं अपने सुहाग की दीर्घायु होने की कामना करती है। गणगौर का त्यौहार पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित त्योहार है, दस दिन तक चलने वाले इस त्योहार के अंतिम दिवस माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा माहेश्वरी भवन से बेल गाड़ी पर भगवान ईसर जी एवं माँ गौरा जी का चल समारोह निकाला गया, जो कि शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ सीवन नदी महिला घाट पर पहुंची एवं महिलाओं द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई एवं रात्रि में माहेश्वरी भवन पर महिलाओं द्वारा झाले दिए गए।

माहेश्वरी समाज की प्रमुख समाज जिला अध्यक्ष गीता सोडानी, प्रदेश पदाधिकारी सत्यभामा मंत्री, प्रतिभा झवर, सरोज झावर, रजनी बाहेती, शोभा चांडक, आभा मंत्री, आभा कास्ट, ज्योति झांवर, लीला कुइयां माहेश्वरी समाज की महिला मंडल अध्यक्ष संगीता राठी, सचिव अनिता बांगड़, गायत्री साबू शिवानी कास्ट, रानी तोषनीवाल, निशा मंत्री, बबीता बियानी, मंजू मूंदड़ा, तृप्ति राठी, साक्षी मंत्री, प्रिया मूंदड़ा, रश्मि बाहेती,चंदन कास्ट,प्रिया मुंद्रा सहित बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाज की महिलाऐं उपस्थित रही।